# क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना

लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.)–473001

Email- registrar24kttu@gmail.com

**क्रमांक/1668 / परीक्षा/ गोपनीय/क्रा.ता.वि./2026** **गुना, दिनांक 10/02/26**

**प्रति,**

प्राचार्य,

समस्त संबद्ध शासकीय/ अशासकीय/ अनुदानित महाविद्यालय,

क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना (म.प्र.) ।

विषयः- दिसंबर 2025 स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर / तृतीय सेमेस्टर के छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाओं के मूल्यांकन के अंक ऑनलाईन अपडेट किये जाने हेतु ।

महोदय/ महोदया,

उक्त संबंध में सभी प्राचार्य/प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि दिसंबर 2025 स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर / तृतीय सेमेस्टर के परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंक MP Online Portal पर दिनांक 25/02/2026 तक आवश्यक रूप से अपडेट करें। जिससे विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके।

उपरोक्त वर्णित कक्षाओं हेतु समस्त संस्थागत (Regular) दिसंबर -2025 प्रथम सेमेस्टर / तृतीय सेमेस्टर के परिक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षायें एवं आंतरिक मूल्यांकन, संबंधित महाविद्यालय द्वारा संपादित कर उनके अंक स्नातक / स्नातकोत्तर के अंक एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर आवश्यक रूप से अपडेट करें।

**विशेष नोटः-** आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। पोर्टल पर अंक भरते समय पर किसी भी परीक्षार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख निधारित कॉलम में अंक अथवा अनुपस्थित (ABSENT) ही अंकित करें। प्रदर्शित शीट में रिक्त अथवा रिक्त/डेस कुछ भी अंकित न करें। महाविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट नहीं करने पर संबंधित छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जायेगा जिसका समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय प्राचार्य का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के ऑफलाइन आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक अंक मान्य नहीं किये जावेंगे।

महाविद्यालय से ऑनलाइन अंक प्रेषित करने में टंकण त्रुटि होती है तो संबंधित महाविद्यालय परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व मूल रिकार्ड के साथ प्रति छात्र रूपये 1000/-अर्थदण्ड जमा कर विश्वविद्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने पर अंक सुधार किये जा सकते हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन प्रस्तुत करने पर अंक सुधार नहीं किये जायेंगे एवं इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित अग्रेषण अधिकारी की होगी।

अंक ऑनलाइन भरने के पश्चात भरे हुये अंको को बेबसाइट से प्रिंट कर प्राचार्य/प्राचार्यों से प्रमाणित कराकर दिनांक 27/02/2026 तक अनिवार्य रूपय से विश्वविद्यालय में समस्त दस्तावेजों (Hard Copy) को आवश्यक रूप से जमा करावें । ऐसे महाविद्यालय जिनको बाहरी परीक्षकों के पत्र प्राप्त नहीं हुये हैं वह विश्वविद्यालय की Mail Id – registrar24kttu@gmail.com पर तुरंत सूचित करें।

**परीक्षा नियंत्रक**

**गुना, दिनांक ......................**

**पृ.क्रमांक/ / परीक्षा/ गोपनीय/क्रा.ता.वि./2026**

**प्रतिलिपिः-**

1. निज सहायक के माध्यम से माननीय कुलगुरू महोदय की ओर सादर सूचनार्थ।
2. एम.पी. ऑनलाइन प्रभारी की ओर प्रायोगिक/आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोलें जाने सबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. परीक्षा शाखा वास्ते रिकार्ड ।

**परीक्षा नियंत्रक**

Scanned with OKEN Scanner